की अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेन्सी के परामर्श से कुछ चुने हुए क्षेत्रों में हवाई सर्वेक्षण की एक योजना बनाई है जिसके अन्तर्गत विदेशी फर्म को ठेके पर आवश्यक उपकरण तथा भूभौतिकी तथा भौमिकी समन्वेषण के विशेषज्ञों के साथ मुकर्रर किया जायेगा। आवश्यक वित्तीय सहायता लेने के लिये योजना को अमरीका की अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेन्सी को भेजा गया है। जिन क्षेत्रों का सर्वेक्षण होना है उनके बारे में अभी कोई पक्का निश्चय नहीं हुआ है।

### त्रिपुरा तथा बिहार में पटसन मिलें

78. **श्री विभूति मिश्र :**
**श्री क० ना० तिवारी :**

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि त्रिपुरा तथा बिहार के निवासियों ने सरकार से अनुरोध किया है कि उन राज्यों में पटसन मिलें स्थापित की जानी चाहियें ;

(ख) यदि हां, तो कितने मिलें स्थापित किये जायेंगे तथा वे कौन से स्थान होंगे, जहां इनको स्थापित किया जायेगा ; और

(ग) क्या इन मिलों की स्थापना सरकारी, गैर-सरकारी अथवा सहकारी क्षेत्र में की जायेगी ?

**वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामास्वामी) :** (क) जी, हां। बिहार तथा त्रिपुरा में जूट मिलें स्थापित किये जाने के विषय में सरकार के पास वहां की जनता से प्रतिवेदन आये हैं।

(ख) तथा (ग). त्रिपुरा में एक छोटा जूट मिल खोलने के लिये एक प्राइवेट पार्टी से आवेदन-पत्र प्राप्त हुआ है जिसके लिये त्रिपुरा शासन ने सिफारिश की है। मिल स्थापित करने के लिये इस पार्टी को आशय-पत्र दे देने का प्रस्ताव है। जूट उद्योग में कोई बड़ा विस्तार करना न तो सम्भव है और न आवश्यक ही। इसलिए उद्योगों में पिछड़े हुए त्रिपुरा के औद्योगिक विकास में सहायता देने के लिये यह छोटा जूट मिल खोलने की स्वीकृति दे दी गई है किन्तु कोई नये जूट मिल नहीं खोले जा रहे हैं।

### Import of Cotton

79. **Shri Solanki:**
**Shri Narasimha Reddy:**
**Shri M. S. Murti:**
**Dr. Ram Manohar Lohia:**
**Shri Kishen Pattnayak:**
**Shri Madhu Limaye:**

Will the Minister of **Commerce** be pleased to state:

(a) the amount of premia collected by the Indian Cotton Mills Federation, Bombay on the imports of cotton into the country during the year 1963;

(b) the manner in which this premia was utilised; and

(c) the names, location and the amount received by each of the mills in the form of export incentives or otherwise?

**The Deputy Minister in the Ministry of Commerce (Shri S. V. Ramaswamy):** (a) to (c). The Indian Cotton Mills Federation is an organisation of the cotton textile industry and not a Governmental organisation, and Government are not, therefore, in a position to give any authoritative information regarding the collections made by that body or their utilisation.